सार-समाचार

दुकान व स्कूल में चोरी

डूंगरपुर, (निसं)। जिला मुख्यालय पर बीती रात जिला पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के सरकारी निवास के बाहर दुकान और स्कूल में चोरी की वारदात हो गई। संवेदनशील स्थल पर चोरी की दोनों घटनाओं ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खडे कर दिए है। डूंगरपुर शहर से गुजर रहे अतिव्यस्त कहे जाने वाले एनएच-927, पर स्थित एसपी और कलेक्टर के बंगले के बाहर बीती रात चोरों ने एक दुकान और भोगीलाल पंड्या सेकेंडरी स्कूल को निशाना बनाया। जबकि एसपी और कलेक्टर के निवास पर भी पुलिस का जाप्ता तैनात रहता है। बदमाशों ने दुकान का ताला तोडा और फिर उसमें रखे बिस्किट्स, स्नैक्स सामग्री, दूध और करीब तीन हजार रुपए दराज सहित निकाल ले गए। पीड़ित व्यापारी घनश्याम पालीवाल ने बताया कि इसी दुकान में यह चोरी की तीसरी वारदात है और पहले की घटनाओं का खुलासा अब तक नहीं हुआ। साथ ही यही पास स्थित भोगीलाल पंड्या सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य कक्ष का बदमाशों ने ताला तोडा और उसमें चार कुर्सियां आमने सामने जमाई। साथ ही मोमबत्ती जलाकर मौके पर नाश्ता भी करने के सबूत मौके पर छोडकर गए है। बदमाशों ने प्राचार्य कक्ष की अलमारी का ताला तोडकर 2० हजार रुपए कीमत के दो टैबलेट फोन भी साथ ले गए है। स्कूल निदेशक पृथ्वीराज जैन ने बताया कि पूर्व में इसी स्कूल में 6 बार चोरी हुई है और आज तक पूर्व की घटनाओं से पुलिस पर्दा नहीं उठा सकी है।

रमेश सुथार बने संभागीय अध्यक्ष

डूंगरपुर, (निसं)। श्री विश्वकर्मा मेवाडा सुथार महासभा की विशेष बैठक कालूराम बाडी उदयपुर में आयोजित हुई। जिसमें संभाग के 16 बैठकों के समाजजन उपस्थित रहे। वर्तमान संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल माकडसीमा के कार्यकाल पूर्ण होने पर अपना त्याग पत्र देकर कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की। तत्पश्चात सामाजिक कार्यकलापों के मंथन के पश्चात उपस्थित समाजजनों ने सभास्थल पर नये संभागीय अध्यक्ष के लिए वागड के पूंजपुर डूंगरपुर निवासी रमेश सुथार को सर्वसम्मति से निर्विरोध नियुक्त किया जिनका कार्यकाल आगामी 3 वर्ष तक रहेगा। घोषणा का सभी ने स्वागत किया तथा फूलों की माला से लाद दिया गया।

अहाना के भजनों पर झूमे बच्चे

उदयपुर, (कासं)। नारायण सेवा संस्थान के आवासीय विद्यालय एवं नारायण चिल्ड्रन एकेडमी द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के क्रम में बाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बाल भजन गायिका अहाना परिहार ने भजनों की समधुर प्रस्तुति एवं स्लाइड शो के माध्यम से श्रीकृष्ण के जन्म एवं जीवन आदर्शों को चित्र-कथा से जीवंत किया। नारायण चिल्ड्रन एकेडमी की प्राचार्य अर्चना गोवलकर ने बताया कि बाल गायिका का मूक-बधिर,दिव्यांग एवं प्रज्ञाचक्षु बालकों ने स्वागत किया। उनकी माता इना परिहार ने भी बालकों को श्रीकृष्ण से जीवन प्रबंधन सीखने का आव्हान किया। इस अवसर आवासीय विद्यालय के प्रभारी थोयोफिल खराड़ी, लेखक-कवि महिम जैन भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अहाना मध्यप्रदेश के पूर्व सूचना आयुक्त आत्मदीप की दोहिती है।

जागरूकता शिविर 22 को

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित विकास निगम के तत्वावधान में 22 अगस्त को पंचायत समिति सभागार, बडगांव में निगम महाप्रबंधक सुमन देवी के सान्निध्य में राष्ट्रीय निगम योजनान्तर्गत एक दिवसीय ऋण जागरूकता एवं एकमुश्त समाधान योजना हेतु शिविर आयोजित होगा। शिविर में अनुसूचित जाति, अनुसूचितजन जाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर राष्ट्रीय निगम योजना के पात्र लोगों के ऑनलाइन आवेदन तैयार करवाए जायेंगे।

'तिरंगा यात्रा विश्व पटल पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करेगा'

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सबसे बडे व्यापारिक संगठन चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रीय पर्व को राष्ट्रीय त्योहार की तरह मनाया। चेम्बर के जिला अध्यक्ष और प्रदेश स्वच्छ भारत समन्वयक केके गुप्ता के आव्हान पर शहर और गांवों में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर में सुबह से ही व्यापारियों का जमावडा गुप्ता के अंकुर निवास पर शुरू हो गया। रैली को लेकर

■ **जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स ने निकाली तिरंगा यात्रा**

व्यापारियों में उत्साह दिखा। उन्होंने इसे त्योहार की तरह मनाया।

शहर के 3 हजार से अधिक व्यापारी, प्रबुद्धजन और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि रैली में शामिल हुए। रैली सुबह 11.30०बजे अंकुर निवास से शुरू हुई। यह कलेक्ट्री, प्रतापनगर सर्कल, राणा पूंजा चौराहा, तरुण सागर चौराहा, शहीद पार्क, नया

व्यापारियों को संबोधित करते चैंबर अध्यक्ष के.के.गुप्ता।

बस स्टैंड, शास्त्री मार्ग, पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा, महाराजा मार्केट होते हुए वापस अंकुर निवास पर समाप्त हुई। इस आयोजन में महामंत्री प्रभुलाल पटेल, सुबोध सरैया, चेम्बर की पूरी कार्यकारिणी और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रैली को ऐतिहासिक बताया। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसके लिए टीशर्ट, उपरना, पगडी और तिरंगे झंडों की व्यवस्था की गई थी। पूरा शहर तिरंगे के रंगों में रंगा नजर आया। व्यापारियों ने अपनी दोपहिया और चार पहिया गाडियो के आगे तिरंगा लगाया। हाथों में झंडे लिए लोग भारत माता की जय के नारे लगाते चले। रैली के आगे वरदान स्कूल के बच्चे स्केटिंग करते हुए चले। उन्होंने यात्रा की शोभा बढाई। जगह-जगह दुकानों से रैली पर फूलों की वर्षा की गई। आमजन और व्यापारियों ने खूब फोटो खींची और सेल्फी लीं। आमजन में इस रैली को लेकर खास उत्साह रहा।

रैली से पहले व्यापारियों को संबोधित करते हुए चैंबर अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सिर्फ एक कपडा नहीं, बल्कि देश की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल स्वतंत्रता का चिह्न नहीं, बल्कि राष्ट्र की आन-बान-शान भी है। तिरंगा देश को समृद्ध और मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह हमारा सुरक्षा कवच भी है। गुप्ता ने कहा कि हाल के वैश्विक घटनाक्रमों में तिरंगे की शक्ति साफ नजर आई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान लगभग 40 हजार भारतीय छात्र तिरंगे के साथ सुरक्षित अपने वतन लौटे। यह दिखाता है कि विपरीत हालात में भी तिरंगा विदेशों में हमारे नागरिकों के लिए पहचान और सुरक्षा का प्रतीक बन जाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में भी तिरंगा हमारी सेना के साहस और दुश्मन को जवाब देने की क्षमता का गवाह रहा है। यह हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है।

मंत्री बाबूलाल खराड़ी करेंगे ध्वजारोहण

उदयपुर, (कासं)। देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को जोश व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिले भर में ध्वजारोहण एवं रंगारंग कार्यक्रम होंगे। संभाग मुख्यालय पर मुख्य समारोह गांधी ग्राउण्ड में होगा। इसमें जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरूवार दोपहर गांधी ग्राउण्ड पहुंच कर आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि गांधी ग्राउण्ड में मुख्य समारोह ठीक 9 बजे प्रारंभ होगा। केबिनेट मंत्री खराड़ी ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट आदि की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। स्कूली बच्चों की ओर से व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राज्यपाल के संदेश का वाचन होगा तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कार्मिकों तथा उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए चयनित लोगों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राजस्थान)

क्रमांक- F-9 ( ) भू.रु./GEN/2025/ दिनांक : 12/8/2025

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सेठ जी की कुण्डाल जिला उदयपुर की खसरा संख्या 408-1211/408 में स्थित भूखण्ड संख्या 21 का कुलिया क्षेत्रफल 800 वर्गफीट है। जिसका कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा पट्टा संख्या 533 दिनांक 31/12/2024 से श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह के नाम जारी किया गया। वर्तमान में इन्हीं के नाम प्राधिकरण आलेखों में दर्ज है।

जिसमें श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 19-05-2025 को हो गया। श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह द्वारा पंजीकृत वसीयत दिनांक 01-07-2022 को आराजी नम्बर 408 में 950 वर्गमीटर अर्थात 1/4 हिस्सा श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह के पक्ष में सम्पादित कर दिया गया। जिसमें भूखण्ड संख्या 21 अपने हक व हिस्से में होना बताया गया।

श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयत एवं शपथ आदि प्रस्तुत कर उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 21 का उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में अपने नाम नामान्तरण चाहा गया है।

उक्त राजस्व ग्राम सेठ जी की कुण्डाल जिला उदयपुर की खसरा संख्या 408 1211/408 में स्थित भूखण्ड संख्या 21 का कुलिया क्षेत्रफल 800 वर्गफीट का श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह, निवासी 51. सिख कोलोनी, गुरुद्वारे के पास, सुरजपोल, उदयपुर (राज.) के नाम नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/ फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं सबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. अभिनव शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राजस्थान)

क्रमांक- F-9 ( ) भू.रु./GEN/2025/ दिनांक : 12/8/2025

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सेठ जी की कुण्डाल जिला उदयपुर की खसरा संख्या 408, 1211/408 में स्थित भूखण्ड संख्या 22 का कुलिया क्षेत्रफल 960 वर्गफीट है। जिसका कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर द्वारा पट्टा संख्या 534 दिनांक 31/12/2024 से श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह के नाम जारी किया गया। वर्तमान में इन्हीं के नाम प्राधिकरण आलेखों में दर्ज हैं।

जिसमे श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 19-05-2025 को हो गया। श्री कुलवन्त सिंह पिता श्री अजीत सिंह द्वारा पंजीकृत वसीयत दिनांक 01-07-2022 को आराजी नम्बर 408 में 950 वर्गमीटर अर्थात 1/4 हिस्सा श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह के पक्ष में सम्पादित कर दिया गया। जिसमें भूखण्ड सख्या 22 अपने हक व हिस्से में होना बताया गया।

श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकृत वसीयत एवं शपथ आदि प्रस्तुत कर उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 22 का उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में अपने नाम नामान्तरण चाहा गया है।

उक्त राजस्व ग्राम सेठ जी की कुण्डाल जिला उदयपुर की खसरा संख्या 408 1211/408 में स्थित भूखण्ड संख्या 22 का कुलिया क्षेत्रफल 960 वर्गफीट का श्री तेजेन्द्र सिंह पिता स्व. कुलवन्त सिंह निवासी 51 सिख कोलोनी, गुरूद्वारे के पास, सुरजपोल, उदयपुर (राज.) के नाम नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं सबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. अभिनव शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

'तिरंगा स्वतंत्रता व गौरव का प्रतीक'

उदयपुर, (कासं)। आजादी के के उपलक्ष में पूरे देश में मनाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं 02 राज आर एण्ड वी नवानिया, 10 राज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा वितरण एवं आयोजित तिरंगा रेली का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने किया।

तिरंगा रेली की रवानी से पूर्व विद्यार्थियों को देश की आन, बान, शान को अक्षुण बनाये रखने, हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की राष्ट्रीय एकता , शांति, समृद्धि, और विकास का प्रतीक है। लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद यह दिवस हमें मिला है, इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ

हर घर तिरंगा अभियान के तहत 500 विद्यार्थियों को तिरंगे बांटे।

मनाना चाहिए। प्रो. सारंगदेवोत ने युवाओं का आव्हान किया कि आप स्वतंत्र बने , स्वछंद न बने। आप एक अच्छे नागरिक बने। हर व्यक्ति को अपने घर पर तिरंगा फहराना चाहिए। हम सभी में राष्ट्रीयता की भावना हो। तिरंगा हमारी स्वतंत्रता एवं गौरव का प्रतीक है। हमारी एकता और अखण्डता का प्रतीक है हमारे राष्ट्र का गौरव है साथ हमारी जीन महापुरूषों ने अपना बलिदान दिया है उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. अमी राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. भूरालाल श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सुनीं समस्याएं

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक जन संवाद केंद्र पर आमजन के अभाव-अभियोग सुने और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

सर्व ब्राह्मण समाज धोईन्दा के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से भेंट कर समाज के सामुदायिक भवन हेतु भूमि आवंटन के विषय में चर्चा की। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भूमि आवंटन की प्रक्रिया को पूर्ण कराने में वे पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज कल्याण हेतु किए जाने वाले कार्यों में भाजपा सरकार हमेशा सहयोग करती है। जन संवाद केंद्र पर उपस्थित क्षेत्र वासियों से चर्चा के दौरान विधायक ने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन दल देश के जनादेश पर डकैती डालने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाकर विकसित भारत की यात्रा को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। विधायक माहेश्वरी ने स्पष्ट किया कि जनता के सहयोग और सहभागिता से ही क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी आएगी और जन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव होगा।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2606 **आम सूचना** दिनांकः- 14/8/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या	आवेदक का नाम / पिता का नाम	मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार
1.	134-E (MUT No. 3391)	4000	तितरड़ी खसरा नं. 684AA, 685AA, 686AA, 687	श्री शक्ति चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री ब्रजकान्त चतुर्वेदी निवासी:- प्रताप नगर, से.6, सांगानेर, जयपुर (राज.)	श्री बृजकान्त चतुर्वेदी पिता श्री कृष्णकांत चतुर्वेदी का स्वर्गवास दिनांक 23-02-2025 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04.08.2025 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर

तिरंगा वाहन रैली निकली

भीण्डर, (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भीण्डर के भैरव स्कूल में आयोजित होने वाले उपखण्ड स्तरीय समारोह में घूड़सवारों के विभिन्न करतब देखनें को मिलेंगे। नवानिया स्थित 2 आर एण्ड वी रेजिमेंट एनसीसी यूनिट व द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स घुडसवारी की पूर्वाभ्यास किया।घुड़सवारी शो में तिरंगे के साथ सरपट दौड़ना, खड़े होकर सलामी देना, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग शामिल होंगे। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के बाद परेड निरीक्षण होगा, इसके बाद घूड़सवारों का प्रदर्शन किया जायेगा। मार्चपास्ट में द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स नेतृत्व करेंगे।

भीण्डर उपखण्ड प्रशासन व भीण्डर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 14 अगस्त शाम को तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भीण्डर नगर एवं आसपास क्षेत्र से सैकड़ों युवा अपने-अपने वाहन लेकर रैली में शामिल हुए। तिरंगा वाहन रैली भीण्डर उपखण्ड कार्यालय से रवाना हुई, जिसमें बुलट गाड़ी पर भीण्डर थानाधिकारी पुनाराम गुर्जर के साथ उपखण्ड अधिकारी रमेश बहेड़िया ने रैली का नेतृत्व किया। इसके अलावा भीण्डर तहसीलदार सतीश पाटीदार, विकास अधिकारी विजेन्द्र शर्मा, शिक्षाविद् प्रकाश वया, भीण्डर क्लब अध्यक्ष रत्नेश कोठारी के साथ सैकड़ों वाहनधारी शामिल हुए।

रेंडमाइजेशन आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार पंचायती राज उपचुनाव 2025 के तहत मतगणना कार्मिकों का प्रथम नियुक्ति आदेश जारी करने हेतु रेंडमाइजेशन, प्रशिक्षित मतदान कार्मिकों के मतदान दलों का गठन कर द्वितीय नियुक्ति आदेश जारी करने हेतु रेंडमाइजेशन एवं ईवीएम मशीनों के द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र डूंगरपुर में आयोजित किया गया।

कार्यालय पंचायत समिति भीम
जिला-राजसमन्द राज.

दूरभाष नं.-02951-250324 Email-poegs.bhim2@gmail.com

क्रमांक/पसभी/लेखा/निविदा/2025-26/1084 दिनांक-8/8/2025

निविदा सूचना -01/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय तथा इसमे संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महानरेगा में वर्ष 31 मार्च 2026 तक के लिए जीएसटी रजिस्ट्रर्ड फर्मो/व्यवसायो से निम्न सामग्री/सेवाओं के लिए खुली निविदाऐं निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्ते **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी एवं **Dowanload** कर प्राप्त की सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code :- ZRR2526A0305

UBN Code :- ZRR2526GSRC00478 to 485

विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीम

कार्यालय ग्राम पंचायत ढाईखेडा, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः ग्रा.प.ढाईखेडा/निर्माण/35/2025-26 दिनांकः 4.8.25

-: ई निविदा सूचना-01 एवं 02/2025-26:-

ग्राम पंचायत ढाईखेडा में महानरेगा एवं अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No 1. ZUD2526GSOB01586
2. ZUD2526GSOB01589

(रतनी बाई मीणा) प्रशासक
ग्राम पंचायत- ढाईखेडा
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- ढाईखेडा
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरी, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः ग्रा.प.ख./निर्माण/62/2025-26 दिनांकः 4.8.25

-: ई निविदा सूचना-01 एवं 02/2025-26:-

ग्राम पंचायत खजुरी में महानरेगा एवं अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No 1. ZUD2526GSOB01583
2. ZUD2526GSOB01584

(मोहनी मीणा) प्रशासक
ग्राम पंचायत- खजुरी
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- खजुरी
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत अग्गड़, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः ग्रा.प.अ./निर्माण/65/2025-26 दिनांकः 4.8.25

-: ई निविदा सूचना-01 एवं 02/2025-26:-

ग्राम पंचायत अग्गड़ में महानरेगा एवं अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No 1. ZUD2526GSOB01581
2. ZUD2526GSOB01582

(मोहनी मीणा) प्रशासक
ग्राम पंचायत- अग्गड़
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- अग्गड़
पं.स.-लसाड़िया, जिला-सलूंबर (राज.)

भारत के ज़िंक और चाँदी से विश्व की ऊर्जा को नई दिशा...

vedanta | HINDUSTAN ZINC

विश्व के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड ज़िंक उत्पादक और शीर्ष पाँच चाँदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान ज़िंक को गर्व है कि हम 'मेक इन इंडिया' के तहत आधुनिक प्रगति के साथ-साथ कम-कार्बन वाले भविष्य की दिशा की ओर अग्रसर हैं।

कंपनी और देश के लिए एक और एतिहासिक गौरव, हिन्दुस्तान ज़िंक, 2025 में प्रतिष्ठित **इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मेटल्स एंड माइनिंग (ICMM)*** में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी।

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



Yashad Bhawan, Udaipur - 313 004, Rajasthan, INDIA. www.hzlindia.com CIN L27204RJ1966PLC001208
https://www.linkedin.com/company/hindustanzinc/ https://www.facebook.com/HindustanZinc/ https://www.instagram.com/hindustan_zinc/